an>

Title: Need to include nutritious foods specially dates in the diet of paramilitary forces in the country.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर)ः मैं एक महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि भारत के केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल (बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., सी.आईएसएफ., एस.एस.बी., आई.टी.बी.पी. इत्यादि) देश की सुरक्षा में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उनके मनोबल एवं स्वास्थ्य के विषय में सोचना हमारा कर्तव्य है जिसके तहत उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु यह आवश्यक है कि इन सेनाओं को दिए जाने वाले खाद्य पदार्थों में पौष्टिक आहार वाली सामग्री हो। मेरे संज्ञान में आया है कि भारत के सभी अर्द्ध सैनिक बलों को मैगी नूडल्स और चॉकलेट जेसे गैर-पौष्टिक आहार वाली खाद्य सामग्री, जिनकी सूची लम्बी हो सकती है, की आपूर्ति की जाती है जिसके कारण सैनिकों को पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता है एवं सैनिकों के स्वास्थ्य पर दुप्रभाव पड़ता है। इसके लिए जरूरी है सैनिकों को इन सभी चीजों के साथ-साथ खजूर जैसे पौष्टिक आहार वाली खाद्य सामग्री की भी पूर्ति की जानी चाहिए। सादर सूत्य हो कि खजूर की पौष्टिकता को देखते हुए भारतीय सेना (आर्मी) के सैनिकों में इसकी आपूर्ति की जाती है जो कि इसकी उपादेयता की पुष्टि भी करता है एवं दूसरी पुष्टि इससे भी की जा सकती है कि रमजान के पूरे महीने में हमारे मुस्लिम भाई भी खजूर से ही रोजा खोलते हैं। इसकी महत्ता से सभी वाकिफ हैं।

अतः सरकार से निवेदन है कि देश की सुरक्षा में लगे सभी अर्द्धसैनिक बलों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खजूर जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों की आपूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।